

# बच्चों में यूटीआई

## अभिभावकों को क्या जानने क

### यूटीआई क्या है?

लगभग 8 प्रतिशत लड़कियां और 1–2 प्रतिशत लड़कों में 5 वर्ष की उम्र तक मूत्र मार्ग संक्रमण (यूटीआई) की समस्या हो जाती है। यूटीआई मूत्र मार्ग– जहां हमारे शरीर के अंगों और नलियों जहां पर मूत्र इकट्ठा होता है और गुजरता है, वहां बैक्टीरिया की वजह से संक्रमण होता है। मूत्र मार्ग में गुर्दे, यूटेरस, ब्लैडर और यूरेथ्रा शामिल होते हैं। बैक्टीरिया सामान्य रूप से मूत्र में नहीं पाया जाता है। हालांकि वे गुदा के आसपास की त्वचा के माध्यम से मूत्र मार्ग में प्रवेश कर सकते हैं। यूटीआई लड़कों की तुलना में लड़कियों में होना ज्यादा सामान्य बात है। लड़कियों में यूरेथ्रा मूत्र मार्ग के ज्यादा करीब होता है और यूरेथ्रा की लंबाई कम होती है। यूरेथ्रा और ब्लैडर में संक्रमण होना ज्यादा सामान्य है, जो मूत्र मार्ग के निचले भाग में होता है। यूरेट्रस से गुर्दों की तरफ होने वाला संक्रमण ज्यादा गंभीर होता है। अगर इसका उपचार नहीं हो तो इन संक्रमणों के कारण गुर्दे फेल भी हो सकते हैं।


### संकेत और लक्षण

ज्यादा उम्र के बच्चों में यूटीआई की पहचान करना ज्यादा आसान होता है जिन्हें शौचालय जाना आता है और जो लक्षणों के बारे में बात कर सकते हैं। यूटीआई के कुछ संकेत इस प्रकार हैं:

- मूत्र के दौरान दर्द, जलन या चुभने वाली सनसनी
- बार–बार मूत्र आना या शरीर में मूत्र बने बिना ही मूत्र जाने की जरूरत महसूस होना
- दुर्गंध युक्त मूत्र जो गंदा या रक्तयुक्त हो सकता है
- बुखार
- पीठ के निचले हिस्से में दर्द या ब्लैडर क्षेत्र में दर्द

बच्चों में यूटीआई का स्पष्ट संकेत बुखार हो सकता है। यूटीआई से पीड़ित बच्चे ऊधम मचाते हैं, उल्टी करते हैं और खाना छोड़ देते हैं। यदि यूटीआई गुर्दे में संक्रमण तब्दील हो जाता है तो बच्चे या नवजातों में ठंड लगने, पीठ या किनारे पर दर्द या उल्टी के साथ बुखार होने की संभावना होती है।

### मूत्र मार्ग




### निदान और उपचार

यूटीआई की जांच के लिए आपके बच्चे का स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने वाले मूत्र का एक नमूना लेगा। बड़ा बच्चे को अक्सर एक सूखे कप में मूत्र देने के लिए कहा जाएगा। नवजात और छोटे बच्चों के मूत्र का नमूना लाने के लिए उनके डायपर्स में एक कैथिटर (पाइप) लगाना पड़ सकता है। कैथिटर मूत्र को त्वचा के बैक्टीरिया से बचाए रखता है। मूत्र को फिर बैक्टीरिया जांच के लिए भेजा जाएगा। बैक्टीरिया के प्रकार से यूटीआई के उपचार में मदद के लिए सर्वश्रेष्ठ दवा सामान्य रूप से एंटीबायोटिक्स का निर्धारण किया जा सकता है। आपके


©2023 Urology Care Foundation. All Rights Reserved.

# बच्चों में यूटीआई

## अभिभावकों को क्या जानने की है जरूरत

बच्चे के लिए सभी एंटीबायोटिक्स का सेवन महत्वपूर्ण है, भले ही वह बेहतर महसूस कर रहा या रही हो। ज्यादातर यूटीआई का उपचार एक हफ्ते के भीतर हो जाएगा, यदि सही से इलाज किया जाए। अपने बच्चे से पर्याप्त तरल पदार्थ पीने के लिए कहें और उसे उन लक्षणों से दूर रखें। यदि लक्षण बढ़ते जाएं या तीन दिन के भीतर सुधार नहीं हो तो बच्चे को अस्पताल ले जाना पड़ सकता है। यदि एक बच्चे को एक से ज्यादा प्रकार के यूटीआई हो तो उसे बाल रोग विशेषज्ञ के पास ले जाना चाहिए। वे देख सकते हैं कि बच्चे के मूत्र मार्ग में कोई असामान्य बात तो नहीं है। बच्चों में यूटीआई की मुख्य वजह मूत्र का पीछे की तरफ प्रवाह होता है। जब मूत्र का प्रवाह ब्लैडर से गुर्दों की तरफ होता है तो इसे वेसिकोरेट्रेल रिफ्लक्स (वीयूआर) कहा जाता है।

**हर साल 1.3 मिलियन (13 लाख) बच्चे मूत्र मार्ग में संक्रमण (यूटीआई) की समस्या को लेकर डॉक्टरों के पास पहुंचते हैं। यूटीआई मूत्र संबंधी सबसे ज्यादा आम समस्या है, जिसको लेकर बच्चे डॉक्टर के पास जाते हैं।**

### बचाव

बार–बार डायपर बदलने से नवजात और छोटे बच्चों को यूटीआई से बचाने में मदद मिलती है। जब बच्चे शौचालय जाना सीखना शुरू करते हैं, तो उन्हें शौच की अच्छी आदतें सिखाना अहम है। हर बार मल त्याग के बाद लड़कियों को आगे से पीछे की ओर धोना सिखाना चाहिए, न कि पीछे से आगे की ओर। ये रोगाणु गुदा से मूत्र मार्ग तक फैलते हैं। जब मूत्र आता महसूस हो तो बच्चों को इसे "रोकने" से बचना चाहिए, यदि वे शौचालय तक पहुंच सकते हैं। ब्लैडर में बचे मूत्र से बैक्टीरिया को फैलने के लिए पर्याप्त जगह मिलती है।

यदि आपके बच्चे को एक से ज्यादा यूटीआई हो या समस्या की आशंका हो तो अपने क्षेत्र में बाल रोग विशेषज्ञ की तलाश के लिए **www.UrologyHealth.org/FindAUrologist** पर जाएं।

### उपचार के दौरान अपने स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने वाले से ये सवाल पूछें:

- क्या मेरे बच्चे में मूत्र मार्ग संक्रमण जैसे लक्षण नजर आते हैं?
- मूत्र के नमूने से क्या पता चला है?

### उपचार

- आप किस उपचार का सुझाव देते हैं?
- क्या इस उपचार का कोई नकारात्मक प्रभाव है, जिस पर मुझे नजर रखनी चाहिए?
- अपने बच्चे को अच्छा महसूस कराने के लिए क्या मुझे कुछ और करना चाहिए?
- मुझे कैसे पता चलेगा कि मेरे बच्चे की स्थिति सुधर रही है या और खराब हो रही है?
- मेरे बच्चे की स्थिति में कितनी जल्दी सुधार होगा? मेरे बच्चे की स्थिति में सुधार न हो तो क्या मुझे आपसे संपर्क करना चाहिए?

### भविष्य में यूटीआई से बचाव

- मेरे बच्चे को सामान्य तौर पर कितना पानी या अन्य द्रव लेने चाहिए?
- क्या मेरा बच्चा अभी भी बबल बाथ ले सकता है?
- क्या मैं अपने बच्चे को फिर से यूटीआई से बचाने के लिए कुछ और कर सकता हूं?
- अगर बच्चे के मूत्र मार्ग में कुछ असामान्य दिखे तो क्या मुझे उसे एक बाल रोग विशेषज्ञ के पास ले जाना चाहिए?
- क्या यूटीआई से बचाव के लिए मेरे बच्चे को एंटीबायोटिक्स लेनी चाहिए?

### संसाधन

**FamilyDoctor.org**

http://familydoctor.org/familydoctor/en/diseases-conditions/urinary-tract-infections.html

**नेशनल किडनी एंड यूरोलॉजिक डिसीज क्लीयरिंगहाउस**

https://www.niddk.nih.gov/health-information/urologicdiseases/urinary-tract-infections-in-childrenUrology CareFoundation

**UrologyHealth.org**

आप इसे **UrologyHealth.org/UTIsinChildrenFS** से डाउनलोड और प्रिंट कर सकते हैं। मूत्र संबंधी स्थितियों पर प्रिंटेड सामग्री की प्रतियों के लिए **UrologyHealth.org/Order** पर जाएं या 800–828–7866 पर कॉल करें।


©2023 Urology Care Foundation. All Rights Reserved.